सतना | शुक्रवार | 01 मई 2026 | वर्ष 27 | अंक 238 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु.5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

आज मजदूर दिवस

नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

पर्यटकों से भरा क्रूज डूबा, 4 की मौत

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

10 से अधिक लोग गहरे पानी में लापता

30 से अधिक लोग सवार थे क्रूज पर

जबलपुर, 30 अप्रैल. बरगी बांध के कैचमेंट एरिया में खमरिया टापू के समीप पर्यटकों से भरा एक बढ़ा क्रूज अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और डूब गया. इस हादसे में अब तक चार लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 10 से अधिक लोग गहरे पानी में लापता हैं.

रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है.

सीएसपी बरगी, अंजुल अयंक मिश्रा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि क्रूज पर क्षमता से अधिक लगभग 30 से 40 लोग सवार थे.अचानक हुए इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई.सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और गोताखोरों की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया.अब तक जलाशय से 4 शव बरामद किए गए हैं, जिनमें 3 महिलाएं और 1 पुरुष शामिल हैं.

हादसे की खबर मिलते ही पुलिस,प्रशासन के आला अधिकारी और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुँच गई है.लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च लाइट और आधुनिक उपकरणों की मदद ली जा रही है. हालांकि, पानी का फैलाव अधिक होने के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि क्रूज पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे या नहीं, इसकी जांच की जाएगी. क्रूज पर क्षमता से ज्यादा भीड़ होने और तूफान के कारण संतुलन बिगड़ने की संभावना जताई जा रही है.पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतकों की शिनाख्त की जा रही है.घायल और बचाए गए लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है.

सीएम डॉ मोहन यादव ने बरगी डैम में हुए दुखद क्रूज हादसे को संवेदना जताई है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कहा संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है.

एमपी में बदला मौसम, हुई हल्की बारिश

मध्यप्रदेश में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट लेकर भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत दी.ग्वालियर-चंबल संभाग में तेज हवाओं और बारिश का असर देखने को मिला. मुरैना में अचानक काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और बारिश दर्ज की गई. वहीं टीकमगढ़ जिले में तेज आंधी और ओलावृष्टि ने जनजीवन प्रभावित किया. सतना, मैहर और उमरिया में गरज-चमक के साथ हुई बारिश ने तापमान में गिरावट दर्ज कराई.वहीं रायसेन, श्योपुर, बालाघाट, मुरैना और छतरपुर में हल्की बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से राहत मिली. ग्वालियर में गर्मी का असर कुछ हद तक बना रहा.

हवाई किराये पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, 30 अप्रैल. सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को मनमाने हवाई किराये और अतिरिक्त शुल्कों पर सख्त फटकार लगाई. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र से पूछा कि तीन बार समय देने के बावजूद हलफनामा क्यों नहीं दाखिल किया गया.

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यात्रियों के हितों के मामले में देरी स्वीकार्य नहीं है और हलफनामा 8 मई तक दाखिल होना चाहिए. याचिका सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मीनारायणन द्वारा दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि विमानन क्षेत्र में पारदर्शिता और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक स्वतंत्र नियामक संस्था बनाई जाए. याचिका में यह भी कहा गया कि निजी एयरलाइंस ने अचानक इकोनॉमी क्लास का मुफ्त बैगेज 25 किलो से घटाकर 15 किलो कर दिया है, और केवल एक बैग

की अनुमति दी है. इस नई नीति के कारण यात्रियों पर अतिरिक्त शुल्क लग रहा है, जो कोर्ट ने 'मनमानी' करार दिया. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि वह हलफनामा में स्पष्ट रूप से बताए कि नियम बनाने में देरी क्यों हो रही है और अब तक जवाब क्यों नहीं दिया गया.

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर कहा कि असंख्य परिवारों के लिए, हज जीवन में एक बार पूरा होने वाला ऐसा सपना है जिसे उन्होंने वर्षों तक संजोकर रखा है. मैं इस भावना का तहे दिल से सम्मान करता हूँ.उन्होंने कहा कि लगातार चल रहे भू-राजनीतिक तनावों के कारण हवाई जहाज के ईंधन की कीमतों में वैश्विक स्तर पर भारी बढ़ोतरी हुई है. ऐसे में एयरलाइंस ने प्रति तीर्थयात्री 300-400 डॉलर की भारी बढ़ोतरी की मांग की थी.

सीजीआई ने सरकारी वकील को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग लड़की के गर्भपात मामले में सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि नागरिकों के व्यक्तिगत विकल्पों का सम्मान करना अत्यंत आवश्यक है. यह मामला 15 वर्षीय रेप पीड़िता से जुड़ा है, जिसने 31 हफ्ते की प्रेगनेंसी को समाप्त करने की गुहार लगाई थी. सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कड़े शब्दों में फटकार लगाई. उन्होंने कहा कि रेप पीड़िता की तकलीफ की भरपाई कोई नहीं कर सकता. नागरिकों के निर्णय का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी है. चुनौती केवल पीड़िता या उसके परिवार द्वारा ही दी जा सकती है.जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने भी कहा कि फैसला पीड़िता और उसके माता-पिता का होगा, और चिकित्सक उन्हें सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं.

जम्मू-श्रीनगर पहली वंदे भारत ट्रेन हुई रवाना

जम्मू, 30 अप्रैल. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को जम्मू तवी स्टेशन से श्रीनगर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहे.

यह ट्रेन अब सीधे जम्मू से श्रीनगर तक चलेगी, जबकि पहले इसे केवल कटरा से श्रीनगर तक सीमित किया गया था. नई वंदे भारत ट्रेन के डिब्बों की संख्या 8 से बढ़ाकर 20 कर दी गई है, जिससे

यात्रियों की क्षमता दोगुनी से भी अधिक हो गई है. अब तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को कटरा में ट्रेन बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी. ट्रेन की कुल दूरी लगभग 266 किलोमीटर है और यात्रा का समय केवल 4 घंटे 50 मिनट है. केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस नई सेवा से जम्मू-कश्मीर में रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी. अब यात्रियों को कटरा में ट्रेन बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी.

कार में आग लगने से पांच जिंदा जले

▶ **वैष्णो देवी से दर्शन कर लौट रहा था परिवार**

अलवर 30 अप्रैल. राजस्थान में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक सीएनजी कार में आग लग जाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की जलने से मौत हो गई.

लक्ष्मणगढ़ के थाना प्रभारी नेकी राम ने बताया कि यह हादसा देर रात करीब ग्यारह बजे उस समय हुआ जब मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के चैनपुरा गांव का

एक परिवार वैष्णो देवी के दर्शन कर वापस अपने गांव लौट रहा था कि अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर उनकी किराये की सीएनजी कार में गैस रिसाव के कारण अचानक आग लग गई. आग इतनी भयानक थी कि इसमें किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला. इस हादसे में तीन महिलाएं एवं एक बच्ची सहित पांच लोगों की जलने से मृत्यु हो गई. हादसे में चालक करीब 80 प्रतिशत जल गया है जिसे पिनान के अस्पताल ले जाया गया जहां उसे हालत खराब होने पर जयपुर भेज दिया गया. उन्होंने बताया कि आग में पूरी तरह जल जाने से इनके शवों की पहचान के लिए मेडिकल टीम को बुलाया गया है. जिससे डीएनए कर उनकी पहचान की जाएगी. परिवार जनों को सूचना दे दी गई है.

शिपिंग को निशाना नहीं बनाया जाए : भारत

▶ **भारत ने राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जताई चिंता**

▶ **अमेरिका ने 39 जहाज रोके, 15 भारतीय जहाज फंसे**

नई दिल्ली/होर्मुज, 30 अप्रैल. जलडमरूमध्य अमेरिकी नौसेना ने फारस की खाड़ी में अपनी नाकाबंदी को सख्ती से लागू करने के लिए 39 जहाजों को उनके मार्ग से हटा दिया या रोक दिया है.

इस कार्रवाई का असर वाणिज्यिक नौवहन और वैश्विक तेल आपूर्ति पर भी पड़ा है.इस बीच, होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में 15 भारतीय झंडे वाले जहाज फंस गए हैं. प्रभावित जहाजों में एलपीजी टैंकर, कंटेनर और अन्य वाणिज्यिक जहाज शामिल हैं. भारतीय नौसेना ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए जहाजों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा है.

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | Flipkart | amazon.in

*नियम और शर्तें लागू. चुनिंदा मॉडलों पर 27 अप्रैल से 31 मई 2026 तक छूट उपलब्ध है. लागू ऑफर मॉडल/राज्यों के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. ई-कॉमर्स ऑफर संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉमर्स ऑफर पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. उल्लिखित ESRP बेस वेरिएंट के हैं. ऑफर के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने नजदीकी डीलरशिप पर जाएं. पल्सर 125 नियॉन पर ₹2 500/- की छूट.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Satna: FOUZDAR BAJAJ 8109073002, 9399480294, 9425173001, AA Autorider: 9098500556 9098500557 • Rewa UPPAL BAJAJ 408300, 9301991092, 9424822015**. Sidhi JL Motors 9303942425 6269279293.**